हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

सोमवार, 02 दिसम्बर 2013, बरेली, पांच प्रदेश, 18 संस्करण, नगर

www.livehindustan.com

एसआरएमएस में आयोजित पांच दिवसीय विज्ञान कैंप 'इन्सपायर इन्टर्नशिप' रविवार को संपन्न हो गया।

'अंधविश्वास को दूर भगाता है विज्ञान'

बरेली। श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित पांच दिवसीय विज्ञान कैंप 'इन्सपायर इन्टर्नशिप' रविवार को संपन्न हो गया। मुख्य अतिथि एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने समापन समारोह का शुभारंभ किया। इसमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों से आए 200 से अधिक ट्रेनी विद्यार्थी शामिल हुए।

दिल्ली विवि के प्रोफेसर डा. नरेश चंद पंत ने विद्यार्थियों को पृथ्वी से जुड़ी बातें बताईं। एआरआईईएस नैनीताल के डायरेक्टर प्रोफेसर राम सागर ने विद्यार्थियों से खगोल में शोध करने को प्रेरित किया। प्रायोगिक उदाहरण पर जोर देते हुए अंधविश्वास की अवधारणा को विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों के जरिए गलत सिद्ध किया। इस दौरान डीन डा. प्रभाकर गुप्ता, सुभाष मेहरा, समन्वयक रतीश अग्रवाल, प्रो. जेएन साहू, प्रो. टीडी बिष्ट, सचिन अग्रवाल, एमएम अब्दुल्ला शामिल रहे। संचालन रत्ना अवस्थी ने किया।